# अत्यंत गोपनीय केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

**अंक-योजना**

**विषय हिंदी (ऐच्छिक)**

**कक्षा – ग्यारहवीं**

**विषय कोड संख्या -523**

**सामान्य निर्देश :-**

1. परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी त्रुटि भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।
2. योग्यता आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय कृपया दिए गए उतरों को समझे, भले ही उत्तर मार्किंग स्कीम में न हो, छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर अंक दिए जाने चाहिए।
3. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मान बिंदु होते हैं। ये केवल दिशा-निर्देशों की प्रकृति के हैं और पूर्ण नहीं हैं। यदि परीक्षार्थियों की अभिव्यक्ति सही है तो उसके अनुसार नियत अंक दिए जाने चाहिए।
4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का चिह्न (√) लगाएँ और गलत उतर पर गलत का (×) मूल्यांकनकर्ता द्वारा ये चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है, परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए।
5. यदि किसी प्रश्न के उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायी ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायाँ और के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए।
6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए।
7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हो, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हो, उन्हें ही स्वीकार करे, उन्हीं पर अंक है।
8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर हर बार अंक न काटे जाएँ।
9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में पूर्ण अंक पैमाना 0-80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है, अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
10. ये सुनिश्चित करें कि उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण के अंकों के साथ मिलान हो।
11. आवरण पृष्ठ पर दो स्तंभों के अंकों का योग जाँच लें ।
12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।
13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन समिति के सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। परीक्षक सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है। आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

# अंक-योजना
# विषय हिंदी (ऐच्छिक) आदर्श प्रश्न - पत्र 2025-26

**विषय कोड संख्या -523**

कक्षा : ग्यारहवीं　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंक 80

**सामान्य निर्देश :-**

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
2. वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं है बल्कि ये सुझावात्मक एवम् सांकेतिक हैं।
3. यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न , किन्तु उपयुक्त उत्तर है, तो उन्हें अंक दिए जाएँ।
4. मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं बल्कि अंक योजना में दिए गए निर्देशानुसार ही किया जाए।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न उपभाग | उत्तर संकेत/ मुख्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| 1 | | | 1x5=5 |
| | i<br>ii<br>iii<br>iv<br>v | (ग) क और ख दोनों सही हैं<br>(क) थामस एल्वा एडीसन ने<br>((ख) दादा साहब फाल्के<br>( ग) मूक<br>(क) लंदन | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 2 | | | 1x5=5 |
| | i<br>ii<br>iii<br>iv<br>v | (क)  धीरज से<br>(क) राष्ट्र<br>(ग) बेचैन<br>(क) जीवन भर<br>(ख) पीर | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | | | 1x 5=5 |
| | i<br>ii<br>iii<br>iv<br>v | (ख) तीन आने<br>(क) बेरोजगारी<br>(ग) टार्च बेचने के लिए<br>( घ) जीवन में कभी हार न मानना<br>(ग) शिक्षक | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 4 | | | 3+3+2+2=10 |
| | i | हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदा क्योंकि दादी के पास चिमटा नहीं था और वह अपने नंगे हाथों से आग पर चपातियाँ घुमाती थी जिससे उनकी उंगलियाँ जल जाती थीं। | 3 |
| | ii | उसकी माँ उसके पिता के मरने के बाद उसे छोड़कर चली गई थी। उसके रिश्तेदारों ने उसे पाला, उनके पास से भाग आया क्योंकि वे उसे बहुत मारते थे। | 3 |
| | iii | सिद्धेश्वरी अचानक मुंशी जी से बारिश के विषय में, कभी फूफा जी के विषय में, कभी गंगाशरण बाबू की लड़की के विषय में बात करना ,मुंशी जी के पास उसके प्रश्नों का उत्तर न होना ,घर की आर्थिक स्थिति खराब होना लेकिन बात करने से कतराना। | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | iv. | लाल देशभक्त, क्रांतिकारी युवक , अपने देश को ब्रिटिश सरकार की गुलामी से आज़ाद कराना चाहता , कभी सरकार के विरुद्ध षड्यंत्र नहीं किया, उसे षड्यंत्रकारी नहीं कह सकते । | 2 |
| 5 | | | 1x5=5 |
| | i<br>ii<br>iii<br>iv<br>v | ईदगाह, मुंशी प्रेमचंद<br>चिमटा<br>रुस्तमे-हिंद और सभी खिलौनों का बादशाह<br>पैसे का खरीददारी में सही सदुपयोग के कारण<br>घर में उपयोगी वस्तु खरीदने के कारण | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 6 | | | 1x5=5 |
| | i.<br>ii.<br>iii.<br>iv.<br>v. | (घ) निर्गुण<br>(ग)उपर्युक्त दोनों उत्तर सही हैं<br>(ख) विप्रलभ श्रृंगार<br>(घ) उपर्युक्त सभी<br>(क) पतनशील और सामंती व्यवस्था पर | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 7 | | | 5 |
| | | प्रसंग<br>व्याख्या<br>काव्य -सौन्दर्य | 1<br>3<br>1 |
| 8 | | | 3+3+2+2=10 |
| | i. | कबीर के अनुसार सच्ची राह है कि सभी मनुष्य एक समान हैं और किसी को भी किसी भी धर्म से श्रेष्ठ नहीं समझना चाहिए। | 3 |
| | ii. | पत्नी की आँखों से कवि को हिम्मत मिलती है, पत्नी की आँखें उन दो हाथों के समान हैं जो प्रत्येक परेशानी में मेरा सहारा बनी हुई हैं और उसे बिखरने -टूटने से बचाती हैं। | 3 |
| | iii. | शाम होते ही कृषक, उनकी गाएँ तथा पक्षी घर की और लौट पड़ते हैं। | 2 |
| | iv. | बादलों के घिरते समय हिमालय पर्वत की चोटियाँ स्वच्छ और निर्मल बर्फ से ढकी हुई , मैदानी क्षेत्रों की उसम से व्याकुल होकर पक्षी हिमालय की झीलों में तैरने लगे , मानसरोवर में खिले हुए कमलों पर बादलों से निकलने कर पड़नेवाली बूँदे मोतियों जैसी थीं। | 2 |
| 9 | | | 2+2+3=7 |
| | i. | मोहम्मद इब्राहिम गोहर अली, अर्शद, हामिद कंबर हुसैन, अब्बास जी अहमद और अब्बास अली फिदा। | 2 |
| | ii.<br>iii. | उनकी गहरी भारतीयता, रंगों का प्रयोग, मानवीय संवेदनाओं का प्रदर्शन, भारतीय संस्कृति, इतिहास और लोक-संस्कृति ।<br>पहले यह एक वर्ग तक सीमित था।अब लोग कला की कद्र अधिक करते हैं। ऐसा नहीं है कि पहले लोग कला की कद्र नहीं करते थे। | 2<br>3 |
| 10 | | | 1x5=5 |
| | i. | ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक व्यक्ति, समूह या संगठन किसी अन्य व्यक्ति, समूह या संगठन को सूचना, विचार, या भावनाएं स्थानांतरित करता है। | 1 |
| | ii. | पत्रकारिता का एक प्रकार है जिसमें गहरी जांच, गहन शोध और तथ्यों की पुष्टि शामिल होती है। | 1 |
| | iii. | घटनाओं के कालानुक्रमिक क्रम को बाधित करके पहले घटित घटनाओं को शामिल करने की कथात्मक तकनीक। | 1 |
| | iv. | पूर्व में लिखे गये किसी पत्र की अनुपालना न होने पर पत्र प्राप्त करने वाले को जब प्रेषक की ओर से पुनः स्मरण कराया जाता है। | 1 |
| | v. | डायरी ' शब्द लैटिन भाषा के 'डायरियम' DIARIUM से आया है। इसका प्रयोग "दैनिक भत्ते' के लिए होता था।आजकल प्रतिदिन के कार्यक्रम या | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | घटनाओं के विवरण की पुस्तिका । | |
| 11 | | | 2+3=5 |
| | i.<br><br><br>ii. | सूचना संग्रह एवं प्रसार, सूचना विश्लेषण, शिक्षण,सामाजिक मूल्य एवं ज्ञान का संप्रेषण तथा लोगों का मनोरंजन ।<br><br>विभिन्न क्षेत्रों के महान व्यक्तियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करता है। यह जानकारी उनके जीवन, कार्य, योगदान, और उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव के बारे में हो सकती है. | 2<br><br><br>3 |
| 12 | | | 5x1=5 |
| | | कथा, संरचना या ढाँचा, प्रत्येक दृश्य के साथ होने वाली घटना के समय का संकेत ,पात्रों की गतिविधियों के संकेत ,दृश्य का बँटवारा,प्रत्येक दृश्य के साथ उस दृश्य के घटनास्थल का उललेख,पात्रों के संवाद बोलने के ढंग के निर्देश ,प्रत्येक दृश्य के अंत में डिज़ॉल्व, फ़ेड आउट, कटटू जैसी जानकारी<br><br>अथवा<br>स्ववृत्त में अपना पूरा परिचय, पता, सम्पर्क सूत्र - (टेलीफोन, मोबाइल, ई-मेल आदि), शैक्षणिक व व्यावसायिक योग्यताओं के सिलसिलेवार विवरण के साथ-साथ अन्य संबंधित योग्यताओं,विशेष उपलब्धियों, कार्येत्तर गतिविधियों व अभिरुचियों का उल्लेख। | |
| 13 | | | 2x 4=8 |
| | i.<br><br><br><br>ii.<br><br><br><br>iii.<br><br><br><br><br>iv. | वह किसी भी परिस्थिति में डरने या घबराने से नहीं डरता है। उसे सच्चाई, न्याय और सिद्धांतों से डर नहीं लगता। वह अपनी जिम्मेदारी को समझने और सच्चाई को बिना किसी डर के स्वीकार करने में सक्षम होता है।<br><br>"अहिंसा परमो धर्म:" का अर्थ है कि अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है। किसी भी जीवित प्राणी को नुकसान नहीं पहुँचाना, किसी को चोट न पहुँचाना, किसी को दु:ख न देना और किसी पर भी क्रूरता नहीं करना।<br><br>यह भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा, संबंधों को मजबूत करती है, और सकारात्मकता और आत्म-सम्मान को बढ़ाती है,नकारात्मक भावनाओं से मुक्त होने में मदद करती है, सहानुभूति और करुणा से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करती है।<br><br>मेरिया नामक जहाज में बंदी होने पर वे समुद्र में कूद पड़े और तैरकर फ्रांस के तट पर  जा पहुँचे। | 2<br><br><br><br>2<br><br><br><br>2<br><br><br><br><br>2 |
| | | | |